卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 288 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦30 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## वायनाड में भारी तबाही, 54 की मौत

### भीषण बारिश के बाद देर रात भूस्खलन, राहत और बचाव के लिए सेना और नेवी को उतारा

वायरनाड (उद ब्यूरो)। केरल के वायनाड में भीषण बारिश के बीच भूस्खलन में 54 लोगों की मौत होने की खबर सामने आयी है। जबकि दर्जनों लोग मलवे में फंसे हैं। लोगों को बचाने के लिए बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए सेना के साथ-साथ नेवी को भी उतारा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायनाड में भूस्खलन के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है। इसके अलावा घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। जानकारी के मुताबिक भूस्खलन मंगलवार की तड़के करीब 2 बजे हुआ। इसके बाद सुबह करीब 4.10 बजे फिर एक बार भूस्खलन हुआ। लैंडस्लाइड के चलते करीब 100 से ज्यादा लोग मलबे में फंस गए, जिन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया (शेष पृष्ठ सात पर)



## सितारगंज में पोल्ट्रीफार्म के कर्मचारी की हत्या

सितारगंज(उद संवाददाता)। क्षेत्र के लौका गांव में स्थित पोल्ट्री फार्म में नौकर ने ही दूसरे नौकर की सिर कुचलकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल ने घटनास्थल का मुआयना किया। कोतवाल भूपेंद्र सिंह



बृजवाल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि हत्यारोपित 15 दिन पहले ही काम पर आया था। जानकारी के अनुसार लौका गांव में स्थित पोल्ट्री फार्म में थाना पुलभट्टा ग्राम बरा (शेष पृष्ठ सात पर)

## किच्छा व्यापार मण्डल चुनाव पर अब मजिस्ट्रेट लेंगे फैसला

### याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने दिये आदेश

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के चुनाव अब विहित प्राधिकारी उप विभागीय मजिस्ट्रेट हल्द्वानी द्वारा लिए गए निर्णय के उपरांत संभव होंगे। विहित प्राधिकारी द्वारा दिए गए निर्णय के उपरांत ही किच्छा नगर की प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की इकाई का गठन किया जा सकेगा। मामले में उच्च न्यायालय नैनीताल में दायर की गई याचिका पर न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि पक्षों के विद्वान वकील द्वारा यह तय किया गया कि रिट याचिका का निपटारा विहित प्राधिकारी सब डिविजनल मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को मामले पर शीघ्रता से निर्णय लेने के निर्देश के साथ किया जा सकता है। वकीलों ने न्यायालय को आश्वासन दिया कि निर्धारित प्राधिकारी द्वारा 3 महीने के भीतर निर्णय लिया जाएगा जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा वाद को निस्तारित करते हुए संबंधित प्राधिकारी को मामले का निपटारा करने के लिए 3 महीने का समय दे दिया गया है।उल्लेखनीय है (शेष पृष्ठ सात पर)



## सास से अनबन के बाद बहू ने जहर खाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस घरेलू विवादों के चलते सास से हुए झगड़े के बाद बहू ने परिजनों की गैर मौजूदगी में घर में रखा कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम दलीनगर रामपुर निवासी 28 वर्षीय विमला का विवाह करीब 8 वर्ष पूर्व ग्राम भगवानपुर निवासी पिंटू से हुआ था। वर्तमान में उसके दो पुत्र 7 वर्षीय अंश व 6 वर्षीय वंश हैं। पति पिंटू अपना पिअप संख्या यूके 06 (शेष पृष्ठ सात पर)



## करेंट लगने से महिला की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में घर में करंट लगने से एक विवाहिता की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम गजपुर छोई निवासी गजेंद्र जीना की पत्नी नेहा जीना सोमवार की शाम को अपने घर में बिजली के पंखे का प्लक लगा रही थी इसी बीच उसे करंट लग गया महिला की चीख पुकार सुनकर(शेष पृष्ठ सात पर)



## विद्युत आपूर्ति ठप होने पर भड़के मेट्रोपोलिसवासी

### विक्रांत फुटेला की तानाशाही के खिलाफ महिलाओं में आक्रोश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल मार्ग स्थित पाश कालोनी मेट्रोपोलिस में गत रात्रि 10 बजे से विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से गुस्साई महिलाओं ने सोसायटी पदाधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुये जमकर गुबार निकाला। उनका कहना था कि यूपीसीएल से विद्युत सुचारू होने के बावजूद मेट्रोपोलिस कालोनी में गत रात्रि 10 बजे से विद्युत आपूर्ति ठप्प पड़ी हैं। जानकारी के अनुसार नैनीताल रोड स्थित पॉश कालोनी मेट्रोपोलिस में गत रात्रि 10 बजे से विद्युत आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से आज वहां रह रही गृहणियों का पारा सातवें आसमान पहुंच गया और उन्होंने अपने-अपने फ्लैटों से बाहर आकर कालोनी परिसर में धरना देते हुये सोसायटी के पदाधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुये जमकर गुबार निकाला। महिलाओं का कहना था कि यूपीसीएल से विद्युत सुचारू होने के बावजूद मेट्रोपोलिस कालोनी में गत रात्रि 10 बजे से विद्युत आपूर्ति ठप्प पड़ी हैं और शाम 6-7 (शेष पृष्ठ सात पर)



## ग्राम प्रधानों ने बीडीओ कार्यालय में की तालाबंदी

### त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के आहवान पर प्रधान संघ के बैनर तले जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों ने विकास खण्ड कार्यालयों में तालाबंदी कर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्राम प्रधानों का कहना था कि उत्तराखण्ड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन द्वारा 15 जुलाई से त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने तथा एक राज्य एक पंचायत चुनाव की मांग को लेकर लगातार पंचायती राज निदेशालय देहरादून में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। परंतु सरकार द्वारा वार्ता हेतु संगठन को नहीं बुलाया जा रहा है। जिसके विरोध में आज खण्ड विकास कार्यालयों में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान नीलम गंगवार, विमला सिंह, कांवल सिंह, दीपक मिश्रा, मनदीप सिंह, पूजा वर्मा,अजय सिंह, तुलसी देवी, पिंकी,नाजरीन,रिंकी कौर, तहमीना बेगम, दीपा कांडपाल, यामीन,लक्ष्मी देवी, विजेन्द्र सिंह, हरीश भट्ट आदि मौजूद थे।



## केदारनाथ मंदिर से सोना गायब होने पर सीएम का पुतला फूंका

काशीपुर(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब होने के मामले में आक्रोशित कांग्रेसियों ने यहां महाराणा प्रताप चौक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम के कार्यकाल पर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। अफसर शाही हांडी हैं। पहाड़ों से लगातार पलायन हो रहा है। बेरोजगारी पराकाष्ठा लांघ चुकी है तो वही बढ़ती महंगाई के कारण मध्यम और गरीब वर्ग के परिवारों के समक्ष जीवन का संकट खड़ा हो गया है। बता दे कि पिछले दिनों विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर से चढ़ावे में चढ़ाए गए 228 किलो सोने का कोई हिसाब किताब नहीं मिल रहा। यह मामला जब सुर्खियों में आया तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसको गंभीरता से लेते हुए धामी सरकार पर सवाल खड़े कर दिए। गायब सोने का अब तक कोई पता ना चलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर बड़ी तादाद में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया और कहा कि धामी सरकार राज का चलाने में पूरी तरह फेलियर है। विरोध प्रदर्शन कर (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

### रस्म पगड़ी



**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. लखपत राय जी का आस्मिक निधन 23.07.2024 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी दिनांक 31.07.2024 दिन- बुधवार को दोपहर 11 से 01 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर (पाँच मन्दिर) रुद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

जगदीश कुमार-ममता रानी (भाई-भाभी)
शकुंतला-राजकुमार कक्कड़ (दीदी-जीजा)
रेखा -अशोक तनेजा (दीदी-जीजा)
राधा-विजय खेड़ा (दीदी-जीजा)
**समस्त कुभार एवं अरोड़ा परिवार**

वीना रानी (पत्नी)
चेतन कुमार-निधि 'लवी' (पुत्र-पुत्रवधु)
स्वाति-कौशल अरोड़ा (पुत्री-दामाद)
अध्ययन,अध्विक (पौत्र),अंशुमन, समायरा (नाती-नातिन),अर्पित, हर्षित (भतीजा)
प्रतिष्ठान: कुमार मेडिकल स्टोर

# मटर गली की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मटर गली व्यापारी एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल नगर आयुक्त से मिला व मटर गली बाजार की समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि मटर गली बाजार में बरसात के मौके पर और अंधेरा हो जाता है एव कई जगह स्ट्रीट लाइट के नहीं होने पर लोगों को काफी परेशानियाँ होती है। जिसमें कभी रात्रि के समय किसी के साथ अनहोनी होकर कोई भी बड़ी घटना हो सकती है या किसी परिवार के महिला के साथ छेड़खानी और लुटपाट भी हो सकती है। आस-पास का क्षेत्र धार्मिक मंदिर गुरुद्वारा होने पर कार्यक्रम होते रहते हैं। जिसकी वजह से भक्तजनो एवम बस अड्डा के नजदीक होने की वजह से लिंक गली के रूप में देर रात भी लोगों की आवाजाही भी बनी रहती है। शिष्टमंडल ने बताया कि नगर निगम द्वारा कुछ समय पहले एक नाली रोड को क्रॉस करके बनाई गई थी जिस पर एक जाली लगाई गई थी। जाली को कोई उखेड़कर ले गया। जिसकी वजह से 8-10 इंच की गहरी नाली में महिला, पुरुष, बच्चे का पेर फसने की वजह से अक्सर लोग चोटिल हो जाते हैं। बरसात के समय में पानी के भराव की वजह से नाली नहीं दिखती जिसे स्कूटर बाइक वाले भी गिर जाते हैं। गर्मियों के समय गली एक सार्वजनिक एक प्याऊ लगाना अति आवश्यक है। गली के दोनों छोर पर यूनिपोल द्वारा स्वागत गेट लगाया जाए। नगर आयुक्त से मांग की जनहित में बाजार की इस मांग को स्वीकार कर निस्तारण कर दिया जाए। मांग पत्र देने वालों में मुख्य रूप से मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामन्त्री अतुल गुप्ता गांधी, विनोद कुमार अग्रवाल, परविंदर सिंह नागपाल, लक्ष्मी नारायण, त्रिलोक चंद गुप्ता, प्रेम चौधरी, वकार अहमद, नासिर हुसैन सिद्दीकी, जुहैब अनवर, मयंक वार्ष्णेय, जाकिर हुसैन सिद्दीकी, सूरज नगदली, कृष्णा अग्रवाल, सोनू पासी, अजय गुप्ता, आन सिंह पडियार, सरफराज हुसैन सिद्दीकी, कमल कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर हरियाणा ढाबे के पास अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से बाईक सवार व्यक्ति की उपचार के लिए ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही घर मे कोहराम मच गया। जानकारी अनुसार केलाखेड़ा खेमपुर निवासी चरनजीत पुत्र महेंद्र सिंह की गनेशपुर चौराहे पर टायर पंचर की दुकान है, देर सायं चरनजीत अपनी दुकान बंद कर कही काम से जा रहा था कि एक अज्ञात वाहन ने चरनजीत की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे चरनजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। गम्भीर अवस्था में चरनजीत को अस्पताल उपचार हेतु एम्बुलेन्स में ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही चरनजीत की मौत हो गई। चरनजीत की मौत की खबर सुनते ही घर मे कोहराम मच गया, चरनजीत की एक पुत्री व एक पुत्र है जिनका रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# मोबाईल सहित हिस्ट्रीशीटर पटाका दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान कई मोबाईल चोरी में लिप्त शातिर चोर हिस्ट्रीशीटर पटाका को गिरफ्तार कर उसके पास से विगत दिवस डिग्री कॉलेज के आगे खड़ी स्कूटी से चोरी किए दो मोबाईल बरामद कर लिए। जानकारी के अनुसार गौरव विष्ट पुत्र चन्दन सिंह निवासी नीलकण्ठ कालोनी रामपुर रोड ने थाने में रपट दर्ज कराई थी कि वह व उसका दोस्त डिग्री कालेज में पेपर देने गये थे। तथा उनके द्वारा अपने मोबाईल स्कूटी की डिग्री में रख दिये थे। जो कि किसी अज्ञात चोर चोरी कर लिये गये हैं। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने गश्त के दौरान चोरी किये गये दो मोबाईल सहित हिमांशु पंत उर्फ पटाका पुत्र पंकज पन्त निवासी इडब्लूएस कालोनी आवास विकास हल्द्वानी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मने बताया कि उक्त शातिर चोर थाना हल्द्वानी का हिस्ट्रीशीटर भी है जिसके विरूद्ध दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में उनि देवेन्द्र सिंह राणा चौकी प्रभारी भोटिया पडाव, हेकानि. संजीत सिंह राणा, कानि. प्रकाश बडाल व कुन्दन सिंह शामिल रहे।




# समसयाओं को लेकर पनेरू ने सीएम से की मुलाकात

किच्छा(उद संवाददाता)।पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हरीश पनेरू ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड खंड सदन दिल्ली में मुलाकात कर नैनीताल ऊधम सिंह नगर में परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर और भीमताल विधानसभा क्षेत्र सड़क शिक्षा स्वास्थ्य बदहाली से अवगत कराया। साथ ही बरसात से हुए नुकसान का किसानों को मुआवजा नहीं मिलने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री धामी मामले में कार्यवाही के आदेश दिये। विश्वास दिलाया कि फिटनेस सेंटर द्वारा अवैध वसूली एवं गुंडागर्दी को बर्दाश्त नही किया जाएगा। साथ ही भीमताल विधानसभा की सड़कों स्वास्थ की बदहाली पर मुख्यमंत्री ने आश्चर्य व्यक्त किया कि आखिर इतना पिछड़ा क्षेत्र कैसे रह गया।पनेरू ने बताया कि उक्त क्षेत्र मे वर्तमान जिलाधिकारी नैनीताल के द्वारा तीन बार दौरा किया लेकिन सरकारी नियम कानूनों के कारण क्षेत्र में कोई भी राहत तत्काल प्रभाव से नहीं मिल पा रही है तथा दो सौ गांव को जोड़ने वाली सड़क काठगोदाम हैंडाखान सिमलिया बैंड़ सड़क शीघ्र ठीक करने का आश्वासन दिया। प्रति निधि मंडल में सुशील भट्ट, दीपक परगाईं, हेमचंद पनेरु, नवीन पनेरु, मनोज पनेरु आदि मौजूद थे।



# छावनी क्रिकेट अकादमी ने हाइलैंडर अकादमी को 145 रनों से हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का दूसरा मैच छावनी स्पोर्ट्स अकादमी काशीपुर खेला मे हाइलैंडर क्रिकेट अकादमी व छावनी स्पोर्ट्स अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें छावनी स्पोर्ट्स अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया व निर्धारित 40 ओवर में 288 रन बनाएं। छावनी स्पोर्ट्स अकादमी की ओर अनमोल ने 150 रन व गौरांश ने 47 रनों का योगदान दिया। हाइलैंडर क्रिकेट अकादमी की ओर से कार्तिक सनवाल व वंशदीप ने 2-2 विकेट व अंकुश, रितेश व रक्षित ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाइलैंडर क्रिकेट अकादमी की टीम मात्र 143 रनों पर ही सिमट गई। जबकि छावनी स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आरीज फैजल ने 4 विकेट व अर्नव गोयल ने 2 विकेट लिए। जबकि नवजोत और मोहम्मद अयाज ने 1-1 विकेट लिया, जबकि हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करने उतरे रक्षित ने 29 व भाविक रावत ने 25 रनों का योगदान दिया और छावनी स्पोर्ट्स अकेडमी ने यह मैच 145 रनों से जीत लिया। आज के इस मैच के स्कोरर विकास प्रजापति व अंपायर गुरजीत व शैलेंद्र थे। इस अवसर पर मोहम्मद कादिर खान, आशीष कुमार सिंह, प्रदीप बिष्ट बाबुल, नमन ग्रेवाल, मोहम्मद नवाज, तरुण पोपली, गौतम मल्होत्रा, वैभव लटवाल व अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# रोटरी और इंटरेक्ट क्लब ने किया पौधारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रोटरी एवं इंटरेक्ट क्लब ने सुभाष पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया , जिसमें 70 से अधिक पौधे लगाए गए। इस अभियान में शहर के 6 स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। अभियान में रोटरैक्ट क्लब ने भी सहयोग दिया। रोटेरियन अशोक अग्रवाल, रोटेरियन सुमीत बेहल, रोटेरियन विषांत भसीन, रोटेरियन देशराज शर्मा, रोटेरियन संतोष शर्मा , रोटरैक्टर अर्जुन अग्रवाल, इंटरैक्टर रिज्जुल मदान, इंटरैक्टर लक्ष्य गोयल , इंटरैक्टर संपदा तेवरी , इंटरैक्टर अर्शप्रित कौर और पूरी टीम ने भी इस पहल में सक्रिय भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समुदाय में हरित भविष्य की दिशा में जागरूकता फैलाना था।




# सरेआम पत्रकारों पर तानी पिस्टल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मामूली बात पर कुछ दबंगों ने सरेआम दो पत्रकारों पर पिस्टल तान दी। भीड़ एकत्र होने पर कार सवार दबंग मौके से फरार हो गये। मौके पर दबंगों की एक पिस्टल बरामद हुयी है। पुलिस ने बरामद पिस्टल को लाईटर बताया है। पत्रकार की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पत्रकार नरेन्द्र राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े तीन बजे वह अपने साथी पत्रकार सौरभ गंगवार के साथ एसएसपी कार्यालय से स्कूटी पर रूद्रपुर की ओर लौट रहे थे। एसएसपी कार्यालय से बाहर मुख्य मार्ग पर पहुँचे तो सिडकुल की ओर से आ रही एक कार संख्या यूके 06 एटी-7140 ने स्कूटी को ओवर टेक करते हुए पैट्रोल पंप के सामने रोक लिया। कार में दो लोग सवार थे और वह दोनों स्कूटी सही से न चलाने की बात कहते हुए गाली गलौच करने लगे। गाली गलौज का विरोध किया तो कार चालक ने जान से मारने की धमकी देते हुए पिस्टल निकालकर तान दी। साथी पत्रकार सौरभ गंगवार ने बचाने का प्रयास किया। तभी कार अगली सीट पर बैठे दूसरे व्यक्ति ने भी पिस्टल निकाल सौरभ पर तान दी। घटना को देख मौके पर लोग इकट्ठे हो गये। घटना की जानकारी फोन पर पुलिस को दी गयी। तभी दोनों कार सवार पुलिस को फोन करने और मौके पर भीड़ इकट्ठा होता देख कार लेकर फरार हो गए। कार सवार लोगों ने मुख्य मार्ग पर कार रोककर कुछ फेंका और फिर लौट कर आ गये और धमकाते हुए यह कह कर गए आज तो बच गये हो, मौका मिलेगा तो जान से मार देंगें। मौके से हमलावरों की पिस्टल बरामद हुई। वहीं पुलिस का कहना है कि बरामद हुई पिस्टल जांच में लाईटर निकली है। फिल्हाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर मामले को लेकर दोनों पत्रकारों के पास समझौते के लिए कई रसूखदारों के फोन आ रहे हैं। घटना से पत्रकारों में रोष है।



# मुरादाबाद से रामनगर तक रेल सेवा बहाल करने की मांग

रामनगर (उद संवाददाता)। मंगलवार को रामनगर में उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद के रोशनपुर इलाके से रेल के माध्यम से रामनगर में दूध सप्लाई करने वाले दर्जनों दूध विक्रेताओं ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। दूध विक्रेताओं का कहना था कि मुरादाबाद से रामनगर के लिए वर्तमान में जो ट्रेन चलाई जा रही है वह ट्रेन मुरादाबाद से केवल काशीपुर तक की ही आ रही है तथा रामनगर आने वाले यात्रियों को काशीपुर से दूसरी ट्रेन में सवार होकर रामनगर आना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे जहां एक ओर यात्रियों को परेशानी हो रही है वहीं दूध विक्रेताओं को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि काशीपुर से ट्रेन बदलने के दौरान दूसरी ट्रेन में सवार होने तक कई बार ट्रेन छूट जाती है और अतिरिक्त किराया देकर अन्य संसाधनों से रामनगर पहुंचते हैं जिससे रामनगर में समय पर दूध की सप्लाई नहीं हो पा रही है। साथ ही दूध खराब होने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से पूर्व की भांति मुरादाबाद से रामनगर तक सीधे रेल सेवा शुरू करने की मांग की है। मामले में स्टेशनअधीक्षक राजेंद्र सिंह वर्णवाल ने बताया कि उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।



# घर से बुलाकर युवक पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में कुछ लोगों ने विगत दिवस घर में सोए युवक को फोन कर बुलाने के बाद उस पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। अनुराग पुत्र योगेश कुमार निवासी आजाद नगर, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 27 जुलाई को दोपहर वह अपने घर में सो रहा था। तभी परिचित ने उसे फोन कर के रॉक जिम के पास बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद लोगों ने उसे डण्डो व राड से बुरी मारा पीटा। अनुराग का कहना है कि उस दौरान उसका फोन और जेब से 800 रुपए भी गिर गये।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे: मजहर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने के लिए अधिकारी पूरे मनोयोग के साथ कार्य करें। यह निर्देश सर्किट हाउस काठगोदाम में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि जो भी योजनायें के प्रस्ताव बनने है। उन प्रस्तावों के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों को अवश्य बुलायें। उन्होंने कहा धरातल पर जनप्रतिनिधि ही स्थानीय लोगों की समस्याओं से रूबरू होते है। इसलिए अधिकारी जन प्रतिनिधियों से समन्वय कर जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर अंजाम दें। श्री नवाब ने कहा कि बैठक में अधिकारी विभागीय सूचनाओं के साथ आयें। उन्होंने कहा कुछ अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी ही नही होती है यह खेद का विषय है।उन्होंने जलसंस्थान को रोस्टरवार ट्यूबवैल चलाने की सूचना विद्युत विभाग को देने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा विद्युत विभाग को इस सम्बन्ध मे सूचना नही होने पर विद्युत की कटौती की जाती है जिससे आम जनमानस को पेयजल की समस्या से जूझना पडता है। उन्होंने कहा दोनो



विभाग समन्वय बनाये जब टयूबवैल चले तक विद्युत आपूर्ति सूचारू हो। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन छात्र छात्राओं का आरटीई के तहत एडमिशन नही हुआ है उन बच्चों को सरकारी स्कूलों में एडमिशन दिया जाए। साथ ही सरकार द्वारा 20 स्कूलों का कायाकल्प किया है। उन्होंने कहा सरकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित कर रही है इसके लिए बच्चों को मुफ्त में भोजन, ड्रेस, किताबें आदि दी जा रही है। उन्होंने कहा स्वरोजगार को बढावा देने हेतु उद्योग एवं नगर निगम द्वारा बेरोजगारों को लोन दिये जा रहे है। उन्होंने लीड बैक अधिकारी को निर्देश दिये कि बेरोजगार लोगों के लोन उद्योग व निगर निमम द्वारा स्वीकृत किये जाते है उन लोन में कोई रूकावट ना हो। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें सूचित करें। उन्होंने कहा सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक व्यक्तियो को ऋण देकर स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना है। शहर में पेयजल, सीवर की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियंता जलसंस्थान ने बताया कि पेयजल व सीवर के लिए केन्द्र सरकार द्वारा धनराशि का आवंटन कर दिया गया है।इसके लिए एडीबी द्वारा पेयजल व सीवर के प्रस्ताओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया है साथ ही कुछ वार्ड एडीबी के प्रोजेक्ट मे है तथा कुछ वार्ड पेयजल के पास है जो भी प्रोजेक्ट बनाये जा रहे है यह सभी प्रोजेक्ट भविष्य को देखते हुये आगामी 50 वर्ष के लिए बनाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया शीघ्र ही हल्द्वानी शहर को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि किसान फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों जोडा जाए इसके लिए किसानों मे जागरूकता एवं इसके लाभ के बारे में बतायें तभी हमारे किसानों आय दोगुना होगी। उन्होंने सुशीला तिवारी चिकित्सालय में आयुष्मान योजनाओ के लाभ वंचित व्यक्ति तक ना पहुँचने पर नाराजगी व्यक्त की और मुख्य चिकित्साधिकारी को समय समय पर मानिटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही सुशीला तिवारी चिकित्सालय का संयुक्त निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री कौशल विकास, आयुष्मान, जेजेएम, मुद्रा योजना, रोजगार सृजन, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, मेक इन इण्डिया, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री हुनर योजना, खाद्य सुरक्षा, गौरादेवी कन्याधन योजना एवं वीरचन्द्र गढवाली योजनाओं के सम्बन्ध में विभागवार समीक्षा बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। बैठक मे मण्डल अध्यक्ष किशोर जोशी, प्रताप रैक्वाल, महबूब आलम के साथ ही सीएमओ श्वेता भण्डारी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान विशाल सक्सेना, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत नवीन मिश्रा के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध

◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।

◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-

9568300033

9568300015

# मटकोटा मार्ग के पुर्ननिर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मटकोटा क्षतिग्रस्त मार्ग के पुर्ननिर्माण करवाये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा। आम आदमी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष चन्द्र व्यापारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। यहां पर उन्होंने ने गदरपुर-मटकोटा क्षतिग्रस्त मार्ग के पुननिर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार लीलाचन्द्रा को सौपा। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि गदरपुर-मटकोटा मार्ग लगभग 15 किमी0 है। जो नैनीताल हाईवे तथा एन-74 को गदरपुर में जोड़ती है। जो कि सिडकुल के लिए भी एक मुख्य मार्ग है। जो कई वर्षों से जर्जर अवस्था मे है जिसमे दर्जनो दुर्घटनाएं हो चुकी है। दर्जनो लोगो की जान जा चुकी है। जब भी कोई दुर्घटना होती है थोड़े बहुत गड्ढो को भरकर लीपा पोती कर जन



आक्रोश को शान्त करने की कोशिश की जाती है। इस सड़क से दिनेशपुर गदरपुर क्षेत्र के आम लोग तथा नौजवान सिडकुल तथा रूद्रपुर शहर में आना जाना करते है। यह सड़क एक जानलेवा सड़क बन चुकी है। 2023 में आम आदमी पार्टी द्वारा कई दिनो तक सड़क के पुर्न निर्माण के लिए धरना प्रदर्शन भी किया गया लेकिन यह कहते हुए अत्यन्त दु:ख हो रहा है कि आपकी सरकार ने इस महत्वपूर्ण समस्या पर ध्यान नही दिया न ही आज तक कोई समाधान किया गया। महोदय वर्तमान मे कुछ महीनो के कई दुर्घटनायें हो चुकी है जिसमे कई नौजवान की मृत्यु हो गई है। जो कि बहुत चिंताजनक विषय है और दु:खद है। इस सड़क मे रूद्रपुर तथा गदरपुर के दोनों विधायक का क्षेत्र पड़ता है और दोनो जनप्रतिनिधि मौन है। जो खेदजनक है। स्थानीय लोगो मे बहुत आक्रोश है। उक्त विषय को लेकर आम आदमी पार्टी की ओर से जनहित मे निम्न मांग करते है। सड़क हादसे मे आज तक जिनकी मृत्यु हुई है चिन्हित कर 5-5 लाख रुपये उनके परिजनों मटकोटा से गदरपुर तक उक्त सड़क को पुर्न निर्माण अतिशीघ्र किया जाये। ज्ञापन देने वालो में गोविन्द मंडल, सूरज मंडल, राघवेन्द्र सिंह, नामिता जोशी आदि मौजूद थे।

# इंटरेक्ट क्लब ने स्कूली बच्चों को बांटी पाठ्य पुस्तकें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।इंटरेक्ट क्लब और रोटरैक्ट क्लब ने नवीन शिक्षा निकेतन में सामुदायिक कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरित की साथ ही करियर काउंसलिंग सत्र और चित्रकला एवं अभिव्यक्ति गतिविधि का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरएएन पब्लिक स्कूल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



रोटरैक्टर अर्जुन अग्रवाल, इंटरैक्टर रिज्जुल मदान, इंटरैक्टर संपदा तिवारी, इंटरैक्टर लक्षय गोयल और इंटरैक्टर आरव सिंघल ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा और रचनात्मकता के प्रति प्रेरित करना था, जिससे उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद मिल सके।

# एसएस पब्लिक स्कूल में लक्ष्य झाम हेड बॉय एवं जश्नप्रीत हैंड गर्ल

गदरपुर(उद संवाददाता) । नगर के प्रतिष्ठित एस0 एस0 पब्लिक स्कूल में चारों सदनों की नयी कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमे चारो सदनों द्रोणा हाउस,बृहस्पति हाउस, वशिष्ट हाउस एवं विवेकानंद हाउस के कप्तान, उपकप्तान के साथ स्कूल के हैड बाय एवं हैड गर्ल का चयन विद्यालय के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह एवं प्रधानाचार्य स.परविन्दर सिंह द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया गया जिसमें हैड बाय लक्ष्य झाम ,हैड गर्ल जशनप्रीत कौर ,कप्तान विवेकानंद सदन (पीला ) साहिल मदान एव योगिता चौहान, वशिष्ट सदन (हरा) हरजोत सिंह एव मानसी कम्बोज ,द्रोणा सदन (लाल) मलकीत सिंह एव रिम्पल कम्बोज बृहस्पति सदन (नीला) जसप्रीत सिंह एवं जसकीरत कौर सहित अन्य पदाधिकारियो में शुभम विनायक ,ज्योति गोस्वामी , हंशिका चौहान,तन्या धींगरा, अवनीत कौर,अमनदीप सिंह, मानसी चौधरी, शिवांश , नवनीत बधौरी, मन्नत, हरमन कौर,सहजप्रीत कौर, डीकू बधौरी , मानसी, देवांश, वंशिका राजपूत , रजा तेजश्वर सिंह आदि । विद्यालय के एमडी डी पी सिंह ने विद्यालय की नई कार्यकारिणी को बधाई एवं आशीर्वाद दिया एव सचिव श्री अभिषेक प्रताप सिंह ने सभी पदाधिकारियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया और उच्च स्तर की सुविधाओं के साथ उच्च स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने का आश्वाशन दिया । विद्यालय के प्रधानाचार्य स. परविन्दर सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई तथा उनको नई जिम्मेदारियों को कर्तव्य से निभाते हुए पूर्ण करने के साथ साथ विद्यालय के नियमों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रसाद, उमेश चौहान, हिमांशु जोशी, अंकाशिफ खान , काजल अरोरा, सागर अरोरा, गौरव कुमार, संदीप सिंह, शालू अरोरा, गुरदयाल सिंह, इंदरजीत सिंह,सचिन बजाज, दीप जोशी , रेखा,अजीत सिंह, जगदीश चन्द्र , अभिषेक गुप्ता, नितिन, संदीप आदि उपस्थित रहे।



# महापुरुष निंदा करने में भी सार तत्व खोजते हैं: शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के नवम दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि तुम्हारी कोई निंदा करें तो शांति से सह लो उस समय ऐसा मान लो कि वह निंदक मुझे मेरे दोषों का भान करा रहा है, मेरे पाप धो रहा है, कुछ लोगों का स्वभाव ऐसा होता है की निंदा रस में डूबे बिना उनका खाना ही नहीं पचता, इस दुनिया ने किसी को नहीं छोड़ा सभी की निंदा की, भगवान बड़े दुख से कहते हैं कि मानव कल्याण के लिए मनुष्य अवतार लेकर मैं इस धरती पर आया था फिर भी लोगों ने मेरी निंदा की, निंदा करने वाले पर क्रोध मत करो, ऐसा मानो कि इसमें भी प्रभु का ही कुछ संकेत है, महापुरुष निंदा में भी सार तत्व खोजते हैं, जो अच्छी वस्तु में अच्छाई देखे वह साधारण भक्त है, किंतु जो बुरी वस्तु में भी अच्छाई देखता है वह भगवान का सच्चा भक्त है। प्रसाद की सेवा कार्यालय प्रबंधक श्री सनातन धर्म सभा सुरेंद्र बजाज द्वारा अपने दोहते के रूप में मन्नत पूर्ण होने पर, स्वर्गीय हरिचन्द मुरादिया के पुत्र गुलशन मुरादिया, राजकुमार मुरादिया, विनोद मुरादिया और विजय कुमार मुरादिया, स्वर्गीय मंगतराम चुघ की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र कृष्ण लाल चुघ और श्याम लाल चुघ द्वारा दी गई।





# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी: शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर देश भर में चलाये जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने रूद्रपुर दक्षिणी मण्डल वार्ड नं. 31 में बूथ संख्या 128 और 129 में कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया। श्री शर्मा न उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाते हुए पर्यावरण एवं प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान सभी वार्डों में चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह से स्वच्छ भारत अभियान चलाया था उसी तरह से एक पेड़ मां के नाम अभियान भी देश भर में चलाया जा रहा है, जिसके भविष्य में सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह अभियान हर भारतवासी के लिए एक मंत्र बनना चाहिए। पेड़ बचेगा तो पर्यावरण बचेगा। पर्यावरण बचेगा तो हम ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचेंगे। ग्लोबल वार्मिंग के कारण इस बार 48 डिग्री तक तापमान पहुंच गया था। इन सबसे बचाव के लिए



वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। प्रधानमंत्री की अपील के बाद आज देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच अपनी मां के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में पौधे रोपित करने की होड़ लग गई है। एक माह के अंदर ही देश भर में करोड़ों पौधे लगाए जा चुके हैं और यह अभियान 140 करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। श्री शर्मा ने कहा कि जन-जन की भागीदारी से एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण की सुरक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने में सफल होगा। इस दौरान धरम सिंह कोली, संदीप बाजवा, देव मैनन, जितेंद्र संधू, जितेंद्र चौहान, विजय तोमर, पंडित प्रियम शर्मा, सुनीता मुंजाल, सचिन मुंजाल, जुगल किशोर कक्कड़, मनीष शर्मा, पंकज सचदेवा, राहुल सक्सेना, देव ऋषि, जानू खुराना, हिमांशु शर्मा, हनी तनेजा, वेद ठुकराल, संदीप बाजवा, राजीव छाबड़ा, जुगनू अरोड़ा, हरीश कुकरेजा, शालू सचदेवा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टीम भूमित्रम ओमेक्स रोड डिवाइडर पर रोपे पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व प्रकृति सरंक्षण दिवस पर टीम भूमित्रम द्वारा ओमेक्स कालोनी रोड पर डिवाइडर के ऊपर पौधारोपण किया गया। टीम का कहना है कि पेड़ों का सरंक्षण ही हमारे भविष्य का सरंक्षण है। पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, इस दुनिया को सुंदर बनाओ का उद्देश्य लेकर कम किया जा रहा है। उनका कहना है कि प्रकृति की सुरक्षा एवं उनका संवर्धन करना हमारा नैतिक कर्तव्य हैं। प्रकृति संरक्षण को लेकर हमेशा संवेदनशील रहिए। इस विश्व प्रकृति सरंक्षण दिवस पर हम प्रकृति संरक्षण का संकल्प कर वातावरण को साफ सुथरा बनाये और प्रकृति की रक्षा सुनिश्चित करें। जल, जंगल और जमीन इन तीनो तत्वों के बिना प्रकृति अधूरी हैं। इस दौरान 50 पौधे लगाये गये। इस मौके पर मेघना पाटिल, वीएन पाटिल, चेतन गौड़, पवन अग्रवाल, ललित गोयल, नीरज त्यागी, मनमोहन पुरोहित, निखिलेश शांडिल्य, मधुकर, बलवंत, देवेंद्र, कपिश, दिनेश, कुलदीप, शांतनु, बच्चो मैं विहान लाँबा, गौरिका, हर्षिता आदि सदस्य मौजूद थे।



# आयुक्त दीपक ने कैपिटल सिनेमा के आस पास के इलाकों का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सोमवार को कैपिटल सिनेमा के आस पास के इलाकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैपिटल सिनेमा के हुए लीज के शर्तों की जानकारी लेने के साथ ही दस्तावेज और उल्लघंन करने पर होने वाली कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लघंन पर कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने दुकानों के आवेदन, नक्शे और कैपिटल के हिस्से का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कैपिटल सिनेमा के इंट्री और एग्जिट द्वार का निरीक्षण किया। एग्जिट द्वार में निरीक्षण के दौरान उन्होंने छत को बेहतर बनाने और विद्युत आदि की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही सिनेमा हाल के अंदर अवैध तरीके से रखे सामनों को जल्द हटाने को कहा।



उन्होंने सिनेमा हाल के अंदर शर्तो के तहत किसी दुकान या अन्य सामान नहीं रखने के निर्देश दिए। कहा कि ऐसा पाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सिनेमा और अन्य जगहों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# नाला निर्माण के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग में इंदिरा चौक से लेकर अटरिया मोड तक दोनो तरफ नाला निर्माण कार्य कराये जाने को लेकर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा । नगर निगम रुद्रपुर के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी उदय राज सिंह को ज्ञापन सोपते हुए बताया कि दिल्ली नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग पर इंदिरा चौक से अटरिया मोड तक नाला निर्माण कार्य किया जाना था इसके संबंध में जब उनके द्वारा



एन एच के अधिकारियों से वार्ता की गई जिसमें उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उन्हें नाला निर्माण कार्य करने के लिए जगह उपलब्ध नहीं कराई गई है इस कारण यह निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जिस पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह को दिल्ली नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाला निर्माण कार्य के लिए एन एच को जगह उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन देते हुए बताया कि इंदिरा चौक से अटरिया मोड तक नाला ना होने के कारण बरसात के दिनों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है । जिस पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नगर निगम रुद्रपुर के नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# उजाड़े गये परिवारों को बांटी राशन की किट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले दिनों ग्राम भगवानपुर में उजाड़े गये चालीस परिवारों को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने राशन की किटों का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि इन निधन ग्रामीणों के पक्के निर्मित घरों को तोड़ने के बाद से ये घर से बेघ्झर हो गये हैं। इनकी इस दयनीय अवस्था को देखते हुए जिलाधिकारी से आवासीय पट्टे देने की गुहार भी लगा चुका हैं। ठुकराल ने कहा कि बरसात के दिनों में इनकी दयनीय स्थिति के कारण इन्हें आवासीय पट्टे ग्राम सभा की रिक्त पड़ी भूमि पर मिलना न्याय संगत व व्यापक जनहित में है। ठुकराल ने कहा कि इन ग्रामीणों को आवासीय पट्टा व प्रधानमंत्री भूस्वामित्व योजना के अंतर्गत आवास हेतु मुख्यमंत्री से भेंट वार्ता की जायेगी। इस अवसर पर आनन्द शर्मा, ललित बिष्ट, वसीम त्यागी, विश्वमित्र, सुरेश शंभू, रमेश, राधेश्याम, मालती, अमरनाथ, मुन्ना, मीना, राम सिंह, रमाशंकर, ओम प्रकाश, बाबूलाल, जयप्रकाश, महेन्द्र, श्रीभगवान, गणेश, दिनेश, नंद किशोर, अशोक, सतवारू, रमावती, हरेराम, विजय, अनिल, सुरेन्द्र, विनोद, वंदना, इन्द्र जीत, बृजेश, प्राची, सतीश, कन्हैया, पानमती, भीम, सुनीता, आदि लोग मौजूद थे।















## मिदनापुर में बहुद्देशीय शिविर कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशो के क्रम में जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एसिड अटैक के पीड़ितो को विधिक सेवाएं (नालसा योजना-2016) के क्रियान्वयन हेतु 31 जुलाई को प्रात: 9 बजे से सांय 3 बजे तक राजकीय प्राथमिक विद्यालय मिदनापुर (चक्की मोड) गदरपुर में जागरूकता कार्यक्रम हेतु बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा।




## नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध चलाया अभियान



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में हल्द्वानी नगर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से नगर के नैनीताल मार्ग में चिन्हित नो पार्किंग स्थलों पर पार्क किये गये वाहनों के विरुद्ध नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट, टीआई पुलिस एवं सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा संयुक्त चौकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी तथा नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटवाया गया। संयुक्त टीम द्वारा नैनीताल मार्ग पर खड़ी बसों को पार्क करने हेतु कुछ स्थलों की जांच भी की गयी। साथ ही परिवहन विभाग, हल्द्वानी की 04 टीमों द्वारा 49 चालान किये गये। संयुक्त टीम में नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी विशालमिश्रा (आईएएस), सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, सहायक परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हल्द्वानी श्रीमती रश्मि भट्ट व पुलिस यातायात निरीक्षक शामिल रहे।

## केदारनाथ यात्रा से घबरा रही सरकार: नीरज

हल्द्वानी। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा बचाओ यात्रा रायतौली रुद्रप्रयाग पहुंच गई। कांग्रेस प्रवक्ता नीरज तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा में करण माहरा के साथ पार्टी के दिग्गज नेता नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व मंत्री डॉ हरक सिंह रावत, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, प्रदेश सचिव संगठन गिरीश पपने, नवनीत सती, जिला अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप थपलियाल, पूर्व विधायक रंजीत रावत, पूर्व विधायक ललित फरस्वान, राजपाल बिष्ट, हेमा पुरोहित,



मोहित उनियाल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित भुल्लर सहित रुद्रप्रयाग जिले में पहुंच गए। इस यात्रा का समापन आगामी 3 अगस्त को पवित्र केदारनाथ जी में होगा। नीरज तिवारी ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार इस यात्रा की जासूसी करवा रही है और केदारनाथ यात्रा से घबरा गई है।तिवारी ने कहा आध्यात्मिक दृष्टि से सच्चे सनातनी इस यात्रा से प्रफुलित है। यात्रा सनातन को बचाने की है। इसलिए यात्रा को आम जन मानस से जबरदस्त सहयोग मिल रहा है।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ओलंपिक का उत्साह

पेरिस में चल रहे ओलंपिक खेलों का अभी शुरुआती दौर है और पदक तालिका में देशों और खिलाड़ियों के नाम दर्ज होने शुरू हुए हैं। भारत के नाम भी एक पदक दर्ज हुआ है। इससे आगे के सफर के लिए उम्मीद जगती है। रविवार को भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने दस मीटर एअर पिस्टल निशानेबाजी के महिला वर्ग में प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों को अच्छी चुनौती दी और उन्हें 221.7 अंक हासिल हुए। अंतिम दौर में वे तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें इस वर्ग की प्रतियोगिता में कांस्य पदक मिला और इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में भारत के नाम पहला पदक दर्ज हुआ। अभी भारत को अन्य कई खेलों में हिस्सा लेना है और उसमें विश्व स्तर के खिलाड़ियों की क्षमताओं की चुनौतियों का सामना करना है। मगर पिछले कुछ वर्षों में हुई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दौरान कुछ खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जैसे उत्साहजनक संकेत मिले हैं, उससे पेरिस ओलंपिक में भी उनसे पदक लाने की उम्मीद है। निशानेबाजी में मनु भाकर को मिले कांस्य पदक के साथ ही इस खेल में पदक मिलने का भारत का पिछले बारह वर्ष का इंतजार खत्म हुआ। दरअसल, इस उपलब्धि के साथ ही पहली निशानेबाज बन कर मनु भाकर ने एक इतिहास रच दिया है। हालांकि इससे पहले तोक्यो ओलंपिक में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और इसके लिए उन्हें कुछ आलोचनाएं भी झेलनी पड़ीं, लेकिन प्रसिद्ध कवयित्री और मानवाधिकार कार्यकर्ता माया एंजेलो की कविता 'स्टिल आइ राइज' यानी अभी मुझे आगे बढ़ना है से प्रेरणा लेने वाली मनु भाकर फिर से उठ खड़ी हुईं और अब वे ओलंपिक में पदक विजेता हैं। अब देखना है कि निशानेबाजी में भारत के अन्य खिलाड़ी और क्या हासिल कर पाते हैं। मनु भाकर को मिले कांस्य की अहमियत पदक तालिका में कुल नतीजों से अलग इस रूप में है कि किसी भी खेल प्रतियोगिता में शुरुआती जीत या हावी होने की स्थितियां बाकी खेलों के प्रदर्शन में भी दम भरती हैं। इस लिहाज से देखें तो पिछले ओलंपिक की पदक तालिका में संतोषजनक जगह बना सकने वाली भारतीय खिलाड़ियों की टीम के लिए मनु भाकर की उपलब्धि उत्साह बढ़ाने वाली साबित हो सकती है।

# गरीबों के लाल गर्मी से बेहाल : 540 स्कूली बच्चों पर हीटस्ट्रोक का खतरा

## बिजली की मार से थमे पंखे एक नौनिहाल हीट स्ट्रोक का शिकार

**-हनीफ बाबा-**

सितारगंज। उत्कृष्ट शिक्षा पाने वाले के लिए शहर के प्राइमरी सरकारी विद्यालय प्रथम के 540 विद्यार्थियों को सूरज की तपिश, लू लपट से सामना कर अग्नि परीक्षा देनी पड़ रही है। ऐसा इसलिए कि लगातार बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से विद्यालय के पंखे थम रहे है। इस वजह से मंगलवार को एक बच्चा हीट स्ट्रोक का शिकार होकर उल्टियां भी करने लगा। जिससे विद्यालय में हड़कंप मच गया। श्री रामलीला ग्राउंड के पास संचालित प्राइमरी विद्यालय प्रथम में 540 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए केवल तीन शिक्षक तैनात हैं। जिनमें से एक शिक्षक मेडिकल अवकाश पर चले गए हैं। 540 बच्चों को पढ़ाने के लिए सृजित 14 पदों में से केवल दो ही वर्तमान में शेष है। प्रचंड गर्मी का आलम है और बिजली की तकनीकी मार के कारण विद्यालय के पंखे थम रहे है। इन हालातों में विद्यालय के बच्चों को गर्मी से राहत देने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है। जिस वजह से स्कूली बच्चे पसीने में तरबतर होकर सुस्त पड़ रहे है। लू लगने के कारण कुछ बच्चे डायरिया रोग की




चपेट में भी आ रहे है। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम मिश्रा ने बताया कि लगातार विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने से विद्यालय में लगा एक इन्वर्टर बहुत कम समय में ही डाउन हो जाता है। गर्मी के कारण एक स्कूली बच्चे को मंगलवार को वॉमिटिंग होने लगी थी। प्राइमरी विद्यालय प्रथम में छोटे बच्चे 2 किलोमीटर का पैदल सफर कर आग उगल रहे सूरज और लू लपेट के बीच घर पहुंचते है। दोपहर छुट्टी के समय सूरज आग उगलता है इन हालातों में बलीनगर, नहरपार, पंडरी आदि दूरस्थ क्षेत्रों तक बच्चे पैदल सफर करते है। इन बच्चों को विद्यालय आने जाने के लिए किसी भी स्तर पर सरकारी, गैरसरकारी कोई यातयात की व्यवस्था नहीं है। सरकारी विद्यालय में छात्र संख्या तो उत्कृष्ट है। लेकिन शिक्षा विभाग के वरिष्ठ जिम्मेदार अफसर बच्चों के हित में किसी प्रकार की प्रशासनिक योजना नहीं बना रहे हैं। जिससे बच्चों को विवश होकर असुविधाओं के बीच अग्नि परीक्षा देनी पड़ रही है। जिससे बच्चों को जान जोखिम में पड़ सकती है। खंड शिक्षा अधिकारी से संबंध में पक्ष लेने के लिए फोन किया गया। लेकिन व्यस्त होने के कारण पक्ष नहीं लिया जा सका। प्राइमरी स्कूल प्रथम में 540 विधार्थी है। लेकिन इन बच्चों के खेलने के लिए कोई मैदान नही है। मजबूरन 540 बच्चों को गोदामनुमा विद्यालय की बिल्डिंग में सुबह सात बजे से दोपहर तक रुकना पड़ता है। इससे प्रचंड गर्मी में उमस और अधिक बढ़ जाती है।

"प्रचंड गर्मी से बचने के लिए आमजन को सूरज की तपिश लू लपट से बचना जरूरी है। गर्मी का शिकार होने पर हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में छोटे बच्चों के साथ ही आमजन सात्विक भोजन के साथ ही तरल पदार्थ का सेवन करे।

**लक्ष्मण सिंह बृजवाल लक्ष्मण सिंह बृजवाल, वरिष्ठ चिकित्सक, सीएचसी सितारगंज**

# कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा पदयात्रा पहुंची रुद्रप्रयाग

## करन माहरा के साथ पदयात्रा में शामिल हुए हरदा समेत कांग्रेस के कई दिग्गज नेता

देहरादून/ रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पदयात्रा में कांग्रेस दिग्गजों ने ताकत झोंक दी है। छठे दिन यात्रा रुद्रप्रयाग पहुंच गई हैं, जिसमें पार्टी के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। चार अगस्त को केदारनाथ धाम में यात्रा का समापन होगा। उधर आज प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत भी पदयात्रा में शामिल होने के लिए रुद्रप्रयाग पहुंच गए हैं। श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा (पद यात्रा) आज सातवे दिन रुद्रप्रयाग से पुनः आरंभ हो गई है। यात्रा अपने अगले पड़ाव में रामपुर होते हुए शाम तक चंद्रपुरी (अगस्तमुनी) पहुंचेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पदयात्रा सोमवार को रुद्रप्रयाग के रायतौली पहुंच गई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने बताया, यात्रा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, विधायक प्रीतम सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, पूर्व विधायक रंजीत रावत, जिला अध्यक्ष प्रदीप थपलियाल, पूर्व विधायक ललित फर्सवाण,राजपाल बिष्ट, हेमा पुरोहित, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा भुल्लर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश है। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि मैं आज रुद्रप्रयाग को प्रस्थान कर रहा हूं। श्री केदार को समर्पित श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा, कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित पदयात्रा में सम्मिलित होऊंगा, जितना और जहां पर भी संभव होगा, वहां यात्रा का हिस्सा बनूंगा। मुझे अपनी पिछली जोशीमठ तक की यात्रा के दौरान सड़कों पर उदास-उदास से होटल्स, रेस्टोरेंट्स, ढाबे, चाय की दुकानों, परचून की दुकानों और दूसरे छोटे-मोटे सामान बेचकर अपनी आजीविका चलाने वाले लोगों के उदास चेहरे याद आ रहे हैं, बड़ी मायूसी थी, मैंने पूछा तो कहने लगे कि साहब यात्रा तो कुछ ही दिनों में निपट गई है, बस कुछ ही दिन जोर रहा फिर यात्रा धीरे-धीरे ठंडी पड़ गई और अब तो यदा-कदा गाड़ियां आ रही हैं, वह भी सीधे श्री बद्रीनाथ जी के दर्शन कर रही हैं और वापस लौट जा रही हैं, हम केवल उनकी उड़ाई हुई धूल को फांक रहे हैं। सरकार के गलत प्रबंधन के कारण इस बार यात्रा पूरी तरीके से गड़बड़ा गई, यात्रियों में भी नाराजगी हुई, श्रद्धालुओं में नाराजगी हुई और साथ -साथ उसका राज्य और राज्य के लोगों को भी उसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। मैं मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना करना चाहूंगा कि वह यात्रा का दूसरा चरण प्रारंभ होने से पहले सारी चीजों को व्यवस्थित कर लें और एक संदेश जाए कि इस बार किसी भी यात्री को कोई कष्ट नहीं होगा, किसी को रूकना नहीं पड़ेगा, किसी को वापस लौटना नहीं पड़ेगा और भविष्य के लिए भी इस बार के कटु सबक से कुछ सीख कर हमें अपनी यात्रा का प्रबंधन ठीक से करना पड़ेगा।







# गढ़वाल आयुक्त ने किया आपदाग्रस्त तिनगढ़ गांव एवं बूढ़ाकेदार क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण



टिहरी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गढ़वाल आयुक्त श्री विनय शंकर पाण्डेय ने आज आपदाग्रस्त तिनगढ़ गांव एवं बूढ़ाकेदार क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्थाई राहत शिविर राजकीय इण्टर कॉलेज विनक खाल में आपदा प्रभावितों और अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आपदा पीड़ितों के प्रति संवेदनशील है तथा निरंतर राहत कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने आपदा प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए हैं, आपदा पीडितों की मदद में पैसों की कमी आड़े न आने दी जाए इसके भी सख्त निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर बूढ़ाकेदार में बालगंगा एवं धर्म गंगा के किनारे क्षतिग्रस्त हुई सड़क सुरक्षा के प्रारंभिक कार्यों के लिए 08 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी



दी गई है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता सिंचाई को कल तक इस्टीमेट जिलाधिकारी टिहरी को उपलब्ध कराने तथा टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त गढ़वाल ने अस्थाई राहत शिविर में पॉवर बैकअप की व्यवस्था करने, टीवी, बच्चों की पढ़ाई, आजीविका आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को कोई दिक्कत न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिलाधिकारी टिहरी को आपदा पीड़ित के आवास की वैकल्पिक व्यवस्था करने, 5 स्थानों पर जगह चिन्हित कर पशुओं हेतु शेल्टर बनाने, क्षमतानुसार पशुओं को शिफ्ट करने, पशुओं हेतु चारे की उचित व्यवस्था तथा तिनगढ़ गांव को प्राथमिकता पर पुनर्वास/विस्थापन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तिनगढ़ गांव के पुनर्वास/विस्थापन के लिए भूगर्भीय सर्वे कर लिया गया है तथा सैद्धान्तिक स्वीकृति मिल चुकी है। तोली गांव के पुनर्वास के लिये सर्वे रिपोर्ट के आधार पर द्वितीय चरण में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी को तिनगढ़ गांव पुनर्वास के लिए ग्रामीणों और अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर भूमि चिन्हीकरण हेतु निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री मयूर दीक्षित ने बताया कि ग्राम कोट के 28 परिवारों के विस्थापन की कार्रवाई गतिमान है तथा उन्हें आज प्रथम किशत जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदाग्रस्त क्षेत्र के समस्त गांवों का जूलॉजिकल सर्वे कराया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक घनसाली श्री शक्ति लाल शाह, एसएसपी श्री नवनीत सिंह भुल्लर, ब्लॉक प्रमुख भिलंगना वासुमति घणाता, एडीएम श्री के.के. मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सिंचाई श्री आर.के. गुप्ता, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण की सुरक्षा में समाज की भागीदारी जरूरी: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। आने वाली पीढियों को स्वच्छ वातावरण देना हम सब की जिम्मेदारी है। उक्त वक्तव्य पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से ग्राम भंगा में आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि मानव जीवन के लिए पृथ्वी पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ वायु और स्वच्छ जल होना जरुरी है। मानव जनित गतिविधियों एवं वृक्षों के अंधाधुंध कटान के कारण आज पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो गया है। अगर इन दोनों चीजों को स्वच्छ रखना है तो मानव को स्वयं इसके लिए जागृत होना होगा। इसी उद्देश्य को लेकर किच्छा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भंगा में पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित पौधारोपण के इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर ग्रामवासियों के साथ पौधारोपण किया। इसके बिना पृथ्वी पर मानव जीवन कभी भी जीवंत नहीं रह सकता , लेकिन आज मानव जीवन के इन दोनों के आधार के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षा में सरकार के साथ साथ समाज की भागीदारी जरूरी है। जिसके लिए पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट आम जनता को इसके प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है। पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पूरे क्षेत्र में 10 हजार से अधिक फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण करेगा। इस



अभियान का शुरुआत बीते दिन महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ला की पत्नी जानकी देवी ने किया था, अब पंडित राम सुमेर शुक्ला मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट गांव गांव जाकर लोगों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित कर रही है एवं निशुल्क पौधों का वितरण कर प्रधानमंत्री जी के कथन एक पेड़ मां के नाम मुहिम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेखेमकरण कश्यप, मोहन स्वरूप गंगवार, शिवांगी गंगवार, धर्मेंद्र गंगवार, नाथू लाल कश्यप, भीमसेन कश्यप, शिवम कश्यप, देव कश्यप, गोविंद कश्यप, रवि कश्यप, अरविंद कश्यप, मंगली गंगवार, राजेंद्र सागर, छबिलाल सागर, नरेंद्र सागर, देवेंद्र सागर ,नाथू देवी कश्यप, नाटो देवी सक्सेना, भानुमति सागर, दयावती सागर, प्यारेलाल सागर, कैप्टन दीपपल सिंह चौधरी, पूरनलाल गंगवार ,पूरन लाल पुजारी जी, दुर्गा प्रसाद भारती, राजेश भारती, सुरेश भारती, महेंद्र सागर, चंद्रपाल भारती, भगवान दास सागर, छोटेलाल सागर, रविंदर गंगवार प्रधान जी, मालती देवी सागर, गुड़िया सागर, मनीषा सागर, सुधीर वाल्मीकि, राम वाल्मीकि, हरदयाल वाल्मीकि, शांति वाल्मीकि, ठाकुर जयपाल सिंह, रामपाल सागर, मैंगो देवी, सागर, प्रेमपाल कश्यप, रोहित कश्यप, लीलाधर कश्यप, राजेंद्र कश्यप, आनंद कुमार कश्यप, राजू कश्यप, प्रीति सागर, गुड्डू प्रजापति समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

# श्री ज्वाला दास गुसाईं की याद में 40 वां यज्ञ एवं भंडारा सम्पन्न

गदरपुर( उद संवाददाता)। परम पूज्य श्री ज्वाला दास गुसाईं जी महाराज की पुण्यतिथि पर ग्राम सरदार नगर के श्री सनातन धर्म मंदिर में 40वां महायज्ञ आयोजित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । श्री ज्वाला दास गुसाईं जी की पुण्यतिथि पर गद्दीनशीन श्री अनिल कुमार गुसाईं गुड़गांव वालों के दिशा निर्देशन में आयोजित महायज्ञ का शुभारंभ 28 जुलाई को श्री रामायण जी के अखंड पाठ के साथ किया गया । 29 जुलाई को श्री रामायण जी के पाठ का भोग एवं सर्वत्र सुख शांति की प्रार्थना पंडित भीष्म दत्त शर्मा द्वारा की गई । मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे अनिल शर्मा जी आजाद नगर किच्छा वालों द्वारा भजन कीर्तन करते हुए श्री ज्वाला दास गुसाईं जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए । वहीं पंडित राजन शर्मा द्वारा अपनी मधुर वाणी में भजन कीर्तन एवं कथा द्वारा श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा श्री ज्वाला दास गुसाईं जी को श्रद्धा सुमन अर्पित



करने के साथ लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया गया। सनातन धर्म मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गोकुल चंद खेड़ा, महामंत्री हरी खेड़ा, कोषाध्यक्ष निखिल खेड़ा के अलावा धर्मचंद खेड़ा एवं श्याम लाल खेड़ा द्वारा परम पूज्य अनिल कुमार गुसाईं गुड़गांव वालों का फूल माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया । इससे पूर्व पंडित राजन शर्मा द्वारा विगत रात्रि में भजन कीर्तन चौकी का आयोजन करके मधुर भजनों द्वारा श्रद्धालुओं को आनंदित किया गया । श्री सनातन धर्म मंदिर अध्यक्ष गोकुल चंद खेड़ा ने बताया,श्री ज्वाला दास गुसाईं जी अविभाजित भारत के पंजाब के लाहौर शहर के शेरकोट क्षेत्र (वर्तमान पाकिस्तान)में अपने श्रद्धालुओं का धार्मिक प्रवचनों से मार्गदर्शन करते थे,1947 में भारत बंटवारे के दौरान अन्य लोगों के साथ ज्वाला दास गुसाईं जी सहारनपुर पहुंचे जहां उन्होंने काफी समय धार्मिक कार्यों में अपने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया 1950 में उनके द्वारा अपना शरीर का चोला छोड़ दिया गया। तत्पश्चात तराई क्षेत्र के अन्य क्षेत्रों सहित ग्राम सरदारनगर तहसील गदरपुर (पूर्व जिला नैनीताल उत्तर प्रदेश ) वर्तमान उधम सिंह नगर उत्तराखंड में पंजाबी समुदाय के लोगों द्वारा अपनी मेहनत से क्षेत्र को आबाद किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा 40 वर्ष पूर्व से श्री ज्वाला दास गुसाईं जी की याद में श्रद्धा भावना से महायज्ञ एवं लंगर भंडारा हर वर्ष 29 जुलाई को किया जाता है जिसमें पंजाब, हरियाणा,दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से लोग सहभागिता करते हैं। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे,भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,राकेश भुड्डी,संतोष गुप्ता,राजेश गुंबर,मनीष फुटेला, के अलावा चिमनलाल,सूरज प्रकाश, टीकम खेड़ा,बलदेव राज खेड़ा,नवीन खेड़ा, सुभाष खेड़ा,अजय खेड़ा,प्रीत लाल,ओम प्रकाश अरोड़ा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्र खेड़ा,सुनील खेड़ा, मोहनलाल खेड़ा सहित तमाम श्रद्धालुओं द्वारा सहभागिता प्रदान की गई।

# सरदार जरनैल सिंह व निर्मल सिंह को डायरेक्ट नामित किया

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब की बैठक में कई निर्माण कार्यों



के प्रस्ताव पास कर कमेटी में दो नए डायरेक्टर को नामित किया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह संधू की अध्यक्षता में कमेटी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें कमेटी द्वारा मजहबी सिख से जरनैल सिंह और बुद्धिजीवी वर्ग में सरदार निर्मल सिंह रामपुर को सर्व समिति सदस्य नामित किया गया। इस दौरान प्रबंधक कमेटी द्वारा कई प्रस्ताव पास किए गए, जिसमें गौशाला हेतु शेड तथा अन्य निर्माण करना प्रस्ताव पास किया गया पुराने कार्यों की समीक्षा तथा नए होने वाले की विकास कार्यों की चर्चा की गई,धर्म प्रचार कमेटी का गठन किया गया,शिक्षा समिति हेतु नई कार्य समिति दोनों कॉलेज बालिका इंटर कॉलेज नानकमत्ता एवं गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता के लिए गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह संधू तथा अमरजीत सिंह महासचिव को अधिकार दिया गया गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों द्वारा रखे गए सभी प्रस्ताव सर्व सन्मति से पास किए गए।बैठक में सरदार जोगिंदर सिंह प्रधान सरदार अमरजीत सिंह बोपाराय जनरल सेक्टरी, सरदार गुरदयाल सिंह सरदार गुरबंत सिंह,देवेंद्र सिंह स कुलदीप सिंह पन्नू स,गुरुबाज सिंह सरदार सुखवंत सिंह पन्नू सरदार अमरजीत सिंह,बेदी सरदार प्रताप सिंह, प्रभषरण सिंह, सरदार हरभाग सिंह, जरनैल सिंह,मैनेजर रंजीत सिंह सुखवंत सिंह भुल्लर बलदेव सिंह चीमा रंजीत सिंह राणा उपस्तिथ थे।

# केजरीवाल की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग को लेकर आज आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, भाकपा माले, छात्र नेता आदि ने गांधी पार्क में ईडी और सीबीआई के विरूद्ध नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि केजरीवाल को एक सोची समझी साजिश के तहत फंसाया गया है। भाजपा सरकार देश में केजरीवाल के बढ़ते जनाधार को




देखकर घबराने लगी है। उन्होंने कहा कि यदि केजरीवाल को शीघ्र रिहा नहीं किया गया तो आन्दोलन तेज कर दिया जायेगा। इस दौरान जनार्दन सिंह, सोनू गुप्ता, अनीता, जसपाल, पाक मौहम्मद, जीशान, विकास, जावेद, आनन्द सिंह राणा, बंधन राणा, आशीष यादव, हरभजन सिंह, चंदन सिंह नेगी, ललित मटियाली, विजय शर्मा, सुभाष, अमन सिंह, धर्मेंद्र, सुरेन्द्र गाबा, किरन विश्वास, कुलवंत सिंह आदि मौजूद थें।

## पेज एक का शेष...

**वायनाड में भारी...** जा रहा है। बचाव कार्य के लिए एझिमाला से नौसेना की एक टीम पहुंची है। दोपहर तक करीब 54 शव निकाले जाने की जानकारी सामने आयी थी। रेस्क्यू ऑपरेशन में राज्य की सभी सरकारी एजेंसियां लगी हुई हैं। हादसे की भयावहता को देखते हुए सेना से रेस्क्यू ऑपरेशन का अनुरोध किया गया था, जिसके बाद सेना की 4 टुकड़ियां रेस्थ्यू अभियान में जुटी है। वहीं राज्य सरकार ने 5 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों के लिए अलर्ट जारी हुआ है, उनमें कासरगोड, कन्नूर, वायनाड, कोझिकोड और मल्लपुरम शामिल है। इन जिलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**विद्युत आपूर्ती ठप होने...**बजे तक इसके सुचारू होने की उम्मीद नही है। उनका कहना था कि कालोनी में आये दिन विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती है जबकि यूपीसीएल की ओर से विद्युत सप्लाई जारी रहती है। मेन्टनेंस के पैसे को सोसायटी की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने की बजाय इसके पदाधिकारियों द्वारा लूटा जा रहा है। महिलाओं का कहना था कि विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के चलते उनकें द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है मगर अभी तक सोसायटी का कोई भी पदाधिकारी यहां नही पहुंचा। उनका कहना था कि मेट्रोपोलिस कालोनी में विक्रांत फुटेला द्वारा अपनी मनमानी की जा रही है। उसके द्वारा कालोनी गेट पर बाउन्सरों की तैनाती कराकर सोसायटी के लोगों द्वारा दिया जा रहा मेन्टनेंस के पैसों का दुरूपयोग किया जा रहा है जिसका हम सब विरोध करते है। बाउन्सरों द्वारा सोसायटी के पदाधिकारियों की बात न मानकर केवल उक्त व्यक्ति के अनुसार ही चला जाता है और सोसायटी की अव्यवस्थाओं को उठाने पर विक्रांत फुटेला द्वारा आये दिन लोगों को धमकाया और डराया जाता है। धरना प्रदर्शन के दौरान रश्मि, माही, प्रियंका, बीना, अंजू, पूनम, सीमा, दीपा, मधु, अनु शर्मा, कल्पना, सुनीता, कविता, रीना, रिंकी, एकता, मोनिका आदि शामिल थे।

**सितारगंज में ..**निवासी 40 वर्षीय लालता प्रसाद पुत्र राम भरोसे नौकरी करता था। मंगलवार को लालता प्रसाद का लहूलुहान शव पोल्ट्री फार्म के पास से बरामद हुआ। पोल्ट्री फार्म स्वामी नागेंद्र सिंह ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल वरिष्ठ उप निरीक्षक कविंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लालता प्रसाद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि लालता प्रसाद 3 वर्ष से पोल्ट्री फार्म में काम कर रहा था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि लालता प्रसाद के साथ काम करने वाले बिहार निवासी नौकर ने लालता प्रसाद की सर कुचलकर हत्या की है। हत्या आरोपित की धर पकड़ को लेकर पुलिस ने टीम में गठित कर दी हैं। उन्होंने बताया कि मृतक लालता प्रसाद के परिवार में कोई नहीं है।

**सास से अनबन के बाद...**सीबी 2339 चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया जाता है कि गत प्रात: विमला का किसी बात को लेकर अपनी सास किशोरिया से झगड़ा हो गया था। जिसके बाद सास अपने दूसरे पुत्र ओमप्रकाश की पुत्री रिक्की को लेकर अपने मायके मोलीपुर अहमदाबाद के लिए घर से निकल कर रेलवे स्टेशन पहुंच गई। पिंटू गाड़ी लेकर काम पर चला गया और उसके दोनों बच्चे स्कूल चले गये। घर में अकेली मौजूद विमला ने कीटनाशक दवा पी ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पड़ोसियों की सूचना पर पिंटू तुरंत घर वापस लौटा और उसने अपनी मां किशोरिया को भी इसकी जानकारी दी। मां ने पोती रिक्की को घर वापस भेज दिया। इधर गंभीर हालत में विमला को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरिया भी वहां आ गई। इधर विमला की मौत की सूचना मिलने पर उसके परिजन यहां आ गये और उन्होंने इसके लिए ससुरालियों को दोषी बताते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। चिकित्सालय से सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को शांत कराकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

**किच्छा व्यापार मंडल चुनाव..**कि किच्छा नगर व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर चल रही खींचतान के दौरान एक पक्ष जहां उप जिला अधिकारी किच्छा व उपनिबंधक कार्यालय हल्द्वानी सहित माननीय उच्च न्यायालय के शरण में गया हुआ था वही दूसरा पक्ष नगर इकाई के गठन हेतु चुनाव कराने की जिद पर अड़ा था। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के वर्तमान महामंत्री द्वारा लगातार चुनाव को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर नगर व्यापार मंडल का चुनाव शंकाओं के घेरे में आ गया था तथा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक भी आमने-सामने आ गए थे। उच्च न्यायालय आदेश पर अब सवालों का निस्तारण विहित प्राधिकारी हल्द्वानी के पाले में आ चुका है तथा इस पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विहित प्राधिकारी को तीन माह का समय भी दिया गया है अब यह स्पष्ट हो गया है कि विहित प्राधिकारी द्वारा मामले का निस्तारण जितना शीघ्र कर लिया जाएगा उतना ही शीघ्रता शीघ्र किच्छा नगर व्यापार मंडल के चुनाव भी संपन्न हो जाएंगे। बहरहाल अब किच्छा नगर व्यापार मंडल के चुनाव की गठन की प्रक्रिया विहित प्राधिकारी हल्द्वानी के निर्णय पर आधारित रहेगी।

**करेंट लगने से ..** घर में मौजूद लोग उसे उपचार के लिए तुरंत रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जहां चिकित्सकों ने महिला घोषित कर दिय। महिला के विवाह को लगभग 3 वर्ष हुए थे। सूचना पर पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**केदारनाथ मंदिर से ..**पुतला दहन करने वालों में कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल जय सिंह गौतम, अनिता मारकंडे, महेंद्र बेदी आदि दर्जनों शामिल रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सादगी के साथ से मना विधायक शिव अरोरा का जन्म दिन

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने रुद्रपुर में जगह जगह हवन यज्ञ और पौधारोपण किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के जन्मदिन के अवसर पर पूरी विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग इलाकों मे हवन यज्ञ, पौधारोपण जलाभिषेक कर उनकी दीर्घ आयु की कमना की गयी। बता दे गत दिनों रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के मोसेरे भाई के निधन के चलते उन्होंने अपना जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते जन्मदिन पर कोई बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया। कार्यकर्ताओं ने सादगी के साथ जगह जगह हवन यज्ञ और पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित कर विधायक अरोरा के दीर्घायु होने की कामना की। रमपुरा मे चौरासी घंटा मंदिर पर हवन व पौधारोपण। वही शेलजा फर्म मे प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तो ग्रामीण क्षेत्र मे भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग ने ग्रामीण क्षेत्र मे हवन व पौधरोपण कार्यक्रम किया। साथ हीं मुख्य बाजार मे पांच मंदिर मे व्यापरियों ने हवन कार्यक्रम किया ।आर्य समाज मंदिर मे गौ रक्षा दल ने हवन यज्ञ किया। भदईपुरा , शांति कॉलोनी, ट्रांजिस्ट कैंप, संजयनगर खेड़ा दूधिया नगर सहित अन्य स्थानों पर भी पौधारोपण के साथ विधायक शिव अरोरा के जन्मदिन पर दीर्घ आयु की कामना की गयी। साथ हीं बद्री केदार सेवा मंडल की ओर से लंगर लगाकर विधायक शिव अरोरा का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग,सुरेश कोली, उपेन्द्र चौधरी जिन्दगी तरुण दत्ता, किरन विर्क, अनुभव चौधरी, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, प्रमोद शर्मा, शिवकुमार राय, बिट्टू शर्मा, अनमोल विर्क, रोबिन विश्वास, महेंद्री शर्मा, जीतेन्द्र संधू जीतेन्द्र चौहान, मोर सिंह, विराट आर्य, वेद ठुकराल, राध `, राजेश कामरा, उमेश पसरिचा, राजेंद्र राठौर, कैलाश राठौर, शिव कुमार, आयुष चिलाना, जगदीश विश्वास व अन्य लोग मौजूद रहे।







# मुख्य सचिव से की राशन वितरण में धांधली की जांच की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संत कबीर नगर निकट सोनिया होटल निवासी प्रदीप कुमार सागर ने प्रदेश की मुख्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित कर उनसे जनपद उधम सिंह नगर में कोरोना काल 2020 में माह जून, अक्टूबर और नबम्बर में केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के कार्ड धारकों को सस्ता गल्ला विक्रेताओ के माध्यम से 5 किलो खाद्यान्न प्रति यूनिट नि:शुल्क योजना में बरती गई धांधलियों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि योजना का प्रारम्भ अप्रैल 2020 से किया गया था। इससे देश व प्रदेश के लाखों एवं करोड़ों लोग लाभन्वित हुए परन्तु कुछ सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लापरवाही एवं निजी स्वार्थ के कारण जनपद ऊधम सिंह नगर के कई परिवार इस योजना का लाभ वर्ष 2020 के माह जून एवं अक्टुबर और नबम्बर में प्राप्त करने से बंचितं रह गये। जबकि केन्द्र द्वारा संचालित इस योजना के पात्र व्यक्तियो के लिये प्रति यूनिट 5 किलो राशन की व्यवस्था समान रूप से लागू की गई थी। इस योजना से वंचित रहे रूद्रपुर के हजारो पात्र कार्ड धारक किस अधिकारी एवं कर्मचारी और किस व्यवस्था के कारण वर्ष 2020 के माह जून एवं अक्टूबर एवं नवम्बर के निशुल्क चशन से बवित रहे उसके लिये कोन उत्तरदायी है एवं उत्तरदायी कर्मचारी एवं अधिकारी के विरुद्ध आज तक कोई कार्यवाही क्यो नही हो पा रही इसका उत्तर तक नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि इसकी शिकायत पूर्व में की जा चुकी है। परन्तु विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इस मामले ही जॉच निष्पक्ष रूप से नहीं की जा रही है। इस सम्बन्ध में कई पत्राचार भी किये गये परन्तु इस मामले की सूचना से जॉच कर्ताओ द्वारा अनभिज्ञ रखकर जॉच की गई है। उनका आरोप है कि अब तक इस मामले में जो भी जॉच की गई है वह औपचारिकता की गई है और जिम्मेवार और सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारियों को मिलीभगत के चलते बचाने हेतु इस प्रकरण पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया है। जबकि किसी जॉच में भी जॉचकर्ता यह स्पष्ट नहीं कर रहें है कि वर्ष 2020 में माह जून, अक्टूबर एवं नबम्वर का राशन कार्ड धारको को क्यो प्राप्त नही हो सका और शासन एवं प्रशासन पात्र लोगों को राशन उपलब्ध कराने में किस जगह विफल रहा और इसके लिये कौन उत्तरदायी है।

# सामिया बिल्डर्स की भूमि की नीलामी एक अगस्त को

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स पर एक बार फिर संकट के बादल छाने लगे हैं। कई बार नीलामी सूचना जारी होने के बाद एक बार फिर राजस्व विभाग ने एक अगस्त को बिल्डर्स की भूमि को नीलाम करने की तारीख मुकर्रर कर दी है। साथ ही तहसीलदार ने शर्तों सहित नीलामी सूचना को सार्वजनिक किया। तहसीलदार दिनेश कुटोला ने जारी नीलामी सूचना में लिखा है कि मद भू संपदा के बकाये की शेष धनराशि तीन करोड़ 80 लाख 87 हजार एक सौ चालीस रुपये बकाया था। जो दस फीसदी संग्रह व्यय लगाकर चार करोड़ पैंसठ लाख सत्तर हजार पंचानबे रुपये हो गया। जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए मैसर्स सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स की 0.5177 हेक्टेयर भूमि 9000 रुपये अकृषक की दर से नीलाम की जाएगी। इसकी तिथि एक अगस्त मुकर्रर की गई है। शर्तों सहित आदेश में दिया गया है कि बोली लगाने वाला व्यक्ति पहले 1/4 भाग जमा कराएगा और सबसे अधिक धनराशि पर ही बोली छोड़ी जाएगी। साथ ही बोली पाने वाले व्यक्ति को एक माह के भीतर धनराशि जमा करानी अनिवार्य होगी।

# पत्रकार प्रेस परिषद गदरपुर इकाई की नई कार्यकारिणी गठित

## सचिन गुप्ता अध्यक्ष, राजकुमार शर्मा बने महामंत्री

गदरपुर (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक में गदरपुर तहसील इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी। साथ ही सर्वसम्मति से गदरपुर तहसील इकाई का पुनर्गठन किया गया। कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने सर्वसम्मति से सचिन गुप्ता को अध्यक्ष, राजकुमार शर्मा को महामंत्री, नितिन छाबड़ा को कोषाध्यक्ष विपुल प्रजापति को सह कोषाध्यक्ष, रिजवान अख्तर को संगठन मत्रंी,सुरेन्द्र चावला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश पाल को कुमांऊ मण्डल का मीडिया प्रभारी और गौरव बत्रा को कुमांऊ मण्डल का सचिव बनाये जाने की घोषणा की। साथ ही कुमांऊ मण्डल की कार्यकारिणी में परमपाल सुखीजा को संरक्षक बनाये जाने की घोषणा की गयी। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत कर शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि संगठन पत्रकार हितों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहा है। वर्तमान में संगठन देश के कई राज्यों में काम कर रहा है। पत्रकारों स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना बीमा देने वाला यह पहला संगठन है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को लेकर जल्द ही शासन स्तर पर वार्ता की जायेगी। जल्द ही कुमांऊ स्तरीय सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा। उन्होनें कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर परमपाल सुखीजा, अभिषेक बत्रा, उमर अली, मुकेश पाल, शिवम छाबड़ा, शाहनूर अली, राजेन्द्र छाबड़ा, अरूण कुमार नागपाल, देवेन्द्र, रामपाल सिंह, राकेश अरोरा, सतीश, आदि समेत कई पत्रकार मौजूद थे।








